# 18 राजस्थान के जनजाति एवं किसान आंदोलन

1. गाँधी जी ने एकी भील आंदोलन के बारे में सुना तो उन्होनें अपने किस विश्वस्त साथी को 'भील आंदोलन' की जानकारी प्राप्त करने के लिए भेजा?
(1) मुकुन्दलाल (2) मणिलाल कोठारी
(3) श्याम प्रसाद शर्मा (4) श्यामलाल यादव (2)

2. ठाकुर देशराज द्वारा 'शेखावाटी किसान जाट पंचायत' की स्थापना कब की गई?
(1) 1932 (2) 1930 (3) 1931 (4) 1935 (3)

3. वर्ष 1818 में उदयपुर राज्य में भील विद्रोह के कारण थे–
(1) अंग्रेजों ने भीलों पर कर थोपने का प्रयास किया।
(2) अंग्रेजों की भील दमन नीति ने भीलों के मन में अंग्रेजों के प्रति अनेक संदेह उत्पन्न कर दिया।
(3) भोमट क्षेत्र के भीलों को अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास।
(4) भीलों के रखवाली एवं बोलाई कर वसूल करने का अधिकार समाप्त करना।
(1) केवल 1 व 4 (2) केवल 2 व 3
(3) 1, 3 व 4 (4) उपरोक्त सभी (4)

4. भगत भील आन्दोलन के नेतृत्वकर्त्ता कौन थे?
(1) मोतीलाल तेजावत (2) गोविन्द गिरी
(3) भोगीलाल पांड्या (4) ठक्कर बापा (2)

5. इनमें से कौन बिजौलिया किसान आंदोलन से सम्बधित नहीं था?
(1) विजय सिंह पथिक (2) सीताराम दास
(3) छगनलाल चौपासनीवाला (4) माणिक्य लाल वर्मा (3)

**व्याख्या–** छगनलाल चौपासनीवाला का जन्म 26 मई, 1912 को जोधपुर में हुआ। ये 1932 से 1939 ई. तक जोधपुर के प्रसिद्ध आंदोलनकारी रहे।

6. सम्प सभा का प्रथम अधिवेशन कहाँ पर हुआ था?
(1) मातृकुण्डियां (2) नीमड़ा गाँव
(3) मानगढ़ पहाड़ी (4) बांसिया गाँव (3)

7. आदिवासियों का मसीहा कहलाते हैं?
(1) मोतीलाल तेजावत (2) गोविन्द गिरी
(3) भोगीलाल पांड्या (4) ठक्कर बापा (1)

8. 1820 ई. में ......... नामक स्थान पर मेरों ने पुलिस चौकियों व थानों पर आक्रमण कर सिपाहियों की हत्या कर दी।
(1) लिम्बाराबारू गाँव (2) बारापाल गाँव
(3) झाक गाँव (4) पाल गाँव (3)

**व्याख्या–** मार्च 1819 ई. में विल्डर ने मेरों पर समझौता तोड़ने का आरोप लगाकर मेरवाड़ा पर आक्रमण कर दिया, जिससे मेर भड़क उठे।

9. चंवरी कर था?
(1) लड़की की शादी पर ठिकानों को दिया जाने वाला 5 रु. का शुल्क
(2) उत्तराधिकार शुल्क
(3) एक प्रकार का भूमि कर
(4) ठिकानेदार के लड़की होने पर लिया जाने वाला कर (1)

**व्याख्या–** ऊपरमाल जागीर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पुत्री के विवाह पर पाँच रुपये चँवरी कर के रूप में ठिकाने को देना पड़ता था।

10. बेगूँ के ठाकुर अनूपसिंह व किसानों के मध्य हुये समझौते को किस नाम से जाना जाता है?
(1) दोहरशाही (2) बॉल्शेविक समझौता
(3) बेगूँ समझौता (4) मेवाड़ समझौता (2)

**व्याख्या–** जून 1922 में बेगूँ के ठाकुर रावत अनूपसिंह व राजस्थान सेवा संघ के बीच पथिक की मध्यस्थता से समझौता हो गया तथा किसानों की सभी मांगे मान ली गई, परंतु मेवाड़ महाराणा फतेहसिंह ने इस समझौते को 'बॉल्शेविक समझौता' की संज्ञा देते हुए इसे मानने से इंकार कर दिया।

11. किस वर्ष 'नीमूचाणा' (कोटपूतली–बहरोड़) गोलीकांड की दुखान्त घटना हुई?
(1) 1925 ई. (2) 1926 ई. (3) 1927 ई. (4) 1924 ई. (1)

**व्याख्या–** नीमूचाणा हत्याकाण्ड 14 मई, 1925 को कमांडर छाजूसिंह ने किसानों की सभा पर गोली चलाने व गाँव को जलाने का आदेश दिया। सैन्य दल ने मशीनगनों से गाँव पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे 50 व्यक्ति मारे गए, 1600 घायल हुए, 144 घर जला दिए गए। महात्मा गाँधी ने इस हत्याकाण्ड को 'जलियावाला हत्याकाण्ड' से भी अधिक विभत्स और दोहरी डायरशाही की संज्ञा दी।

12. बिन्दूलाल भट्टाचार्य जाँच आयोग का सम्बन्ध किस किसान आन्दोलन से है?
(1) बिजौलिया किसान आन्दोलन (2) बेगूँ किसान आन्दोलन
(3) बूंदी किसान आन्दोलन (4) नीमूचाणा किसान आन्दोलन (1)

13. भीलों द्वारा लगातार किए जा रहे विद्रोहों पर नियन्त्रण स्थापित करने के लिए अंग्रेजों ने कब 'जोधपुर लीजन' नामक एक सैनिक टुकड़ी का गठन किया था?
(1) 1842 ई. (2) 1835 ई.
(3) 1822 ई. (4) 1818 ई. (2)

**व्याख्या–** भीलों द्वारा लगातार किए जा रहे विद्रोहों पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए अंग्रेजों ने 1835 ई. में 'जोधपुर लीजन' नामक सैनिक टुकड़ी का गठन किया। जिसका मुख्यालय अजमेर रखा गया।

14. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए: (प्रमुख आन्दोलन–नेतृत्व कर्ता)

| | |
|---|---|
| A. बेगूँ आन्दोलन | i. रामनारायण चौधरी |
| B. बिजौलिया आन्दोलन | ii. सीताराम दास |
| C. भगतभील आन्दोलन | iii. गोविन्द गिरी |
| D. एकी आन्दोलन | iv. मोतीलाल तेजावत |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(1)

15. निम्न में से किसने बिजौलिया में 'विद्याप्रचारिणी सभा' का गठन किया था?
(1) साधु सीताराम दास (2) विजयसिंह पथिक
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) श्रीमन्ना पटेल (2)

**व्याख्या–** विजयसिंह पथिक ने ओंछड़ी गाँव (चितौड़) को अपना केन्द्र बनाया और वहाँ 'विद्या प्रचारिणी सभा' की स्थापना की ताकि वहाँ विद्या का प्रचार किया जा सके। वर्ष 1916 में विद्या प्रचारिणी सभा का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। (स्रोत– राजस्थान में कृषक आन्दोलन– डॉ. पेमाराम, पेज न. 29)

**ध्यान रहे–** राजस्थान सुजस, अगस्त 2021 पेज न. 32 के अनुसार 'विद्या प्रचारिणी सभा' की स्थापना 1914 में हरिभाई किंकर द्वारा की गई थी।

16. जयसिंहपुरा हत्याकाण्ड की घटना कब घटित हुई?
(1) 25 मार्च, 1935
(2) 21 जून, 1934
(3) 31 मार्च, 1934
(4) 21 जून, 1937 (2)

**व्याख्या–** 21 जून, 1934 को डूंडलोद (झुन्झुनू) के ठाकुर के भाई ईश्वर सिंह ने जयसिंह पुरा गाँव में खेतों में कार्य कर किसानों को घेरकर गोलियाँ चलाई। ईश्वर सिंह पर जयपुर रियासत में मुकदमा चला और उसे डेढ़ वर्ष की सजा सुनाई गई।

17. बिजौलिया किसान आंदोलन के बारे में कौनसा कथन असत्य है?
(1) 1894 ई. में राव कृष्णसिंह नया जागीरदार बना उसके समय बिजौलिया में 84 प्रकार की लाग–बाग प्रचलित थी।
(2) आंदोलन के प्रथम चरण का नेतृत्व स्थानीय लोगों द्वारा किया गया।
(3) 1897 में गिरधारीपुरा गाँव में एक किसान गंगाराम धाकड़ के पिता की मृत्यु के मौके पर सभी किसान एकत्रित हुए।
(4) किसानों की ओर से रूपाजी व कृपाजी धाकड़ ने उदयपुर जाकर महाराणा फतेह सिंह को ठिकाने के जुर्मो के विरुद्ध शिकायत की। (4)

**व्याख्या–** किसानों की ओर से नानजी और ठाकरी पटेल ने उदयपुर जाकर महाराणा फतेह सिंह को ठिकाने के जुर्मो के विरुद्ध शिकायत की।

18. 1883 ई. में राजस्थान में संप सभा की स्थापना क्यों की गई थी?
(1) जनजातियों में राजनीतिक जागरूकता पैदा करने के लिए
(2) आदिवासी क्षेत्रों के लिए मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए
(3) जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने के लिए
(4) आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए (1)

19. भारत सरकार ने मीणाओं की लूटमार व उपद्रवों से परेशान होकर 1924 ई. में कौनसा एक्ट लागू किया?
(1) जरायम पेशा कानून
(2) क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट
(3) ट्रेंच (4) आउट ड्रम्स एक्ट (2)

20. 'तलवार बन्धाई' शुल्क था–
(1) सैनिक सेवा शुल्क
(2) धार्मिक शुल्क
(3) युवराज के विवाह पर सामन्तों से लिया जाने वाला शुल्क
(4) उत्तराधिकारी शुल्क (4)

**व्याख्या–** उत्तराधिकारी शुल्क : यह शुल्क विभिन्न राज्यों में विभिन्न नामों से पुकारा जाता था, जैसे– हुक्मनामा, पेशकशी, कैद–खालसा, नजराना आदि।

21. बिजौलिया किसान आंदोलन के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?
(1) यह आंदोलन 1857 ई. में प्रारंभ हुआ।
(2) इसका नेतृत्त्व साधु सीताराम ने किया था।
(3) राव गोपाल सिंह बिजौलिया के सरदार थे।
(4) कृष्ण सिंह ने किसानों पर 64 प्रकार के कर लगाए थे। (2)

**व्याख्या–** बिजौलिया किसान आंदोलन का आरंभ 1897 ई. में हुआ था। यहाँ राव कृष्ण सिंह बिजौलिया का जागीरदार था। जिसने किसानों पर 84 प्रकार के कर लगाए थे।

22. सामाजिक सुधारक गोविन्द गुरू का जन्म हुआ?
(1) किसान परिवार में (2) जमींदार परिवार में
(3) जाट परिवार में (4) बंजारा परिवार में (4)

**व्याख्या–** गोविन्द गुरू का जन्म डूँगरपुर राज्य के बाँसिया गाँव में 20 दिसम्बर, 1858 को एक बंजारा परिवार में हुआ था।

23. शेखावाटी किसान आंदोलन के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें और सत्य कथन की पहचान करे?
(1) यहाँ की भूमि खालसा व जागीरी दो भागों में बंटी हुई थी।
(2) खालसा क्षेत्र से सीकर का राव राजा सीधा लगान वसूल करता था।
(3) जागीरी क्षेत्र में छोटे–बड़े जागीरदार लगान वसूलते थे।
(4) यहाँ के किसानों की प्रमुख समस्याएँ जागीरदारों के अत्याचार, लगान में वृद्धि, बेगार लिया जाना, किसानों की औरतों से छेड़छाड़ किया जाना आदि थी।
(A) 1, व 3 (B) 2, 3, व 4
(C) 1, 2, व 3 (D) उपुर्यक्त सभी (D)

24. 1921 ई. में हरलाल सिंह और उसकी पत्नी ........ ने शेखावाटी क्षेत्र में किसान पंचायतों का गठन किया।
(1) नारायणी देवी वर्मा (2) जानकी देवी
(3) किशोरी देवी (4) भगवती देवी (3)

**व्याख्या–** किशोरी देवी का जन्म दुलारों का बास, झुंझुनूं जिले में हुआ था। ये शेखावाटी के स्वतंत्रता सेनानी सरदार हरलाल सिंह खर्रा की पत्नी थी। इन्होंने अपने पति के साथ शेखावाटी क्षेत्र में जागीर प्रथा के विरोध में हुए आंदोलन में भाग लिया।

25. तौल आंदोलन के बारे में कौनसा कथन असत्य है?
(1) मारवाड़ राज्य में 200 तौले का एक सेर था। लोगों ने इसे 80 तौले का एक सेर करने की माँग की।
(2) सामाजिक कार्यकर्त्ता चाँदमल सुराणा ने 'मारवाड़ सेवा संघ' के कार्यकर्त्ताओं के साथ हड़ताल शुरू कर दी।
(3) चाँदमल सुराणा के नेतृत्व में 1920–21 में मारवाड़ में तौल आंदोलन प्रारम्भ हुआ।
(4) यह मारवाड़ के लोगों की पहली विजय थी। (1)

**व्याख्या–** मारवाड़ राज्य में 100 तौले का एक सेर था। लोगों ने इसे 80 तौले का एक सेर करने की माँग की।

26. निम्नलिखित में से किसने मेव कृषक आंदोलन का नेतृत्त्व किया?
(1) बख्तावर खाँ (2) असफाक उल्ला खाँ
(3) यासिन खाँ (4) मुकर्रब खाँ (3)

**व्याख्या–** मोहम्मद हादी ने 1932 में 'अंजुमन खादिम उल इस्लाम' नामक एक संस्था की स्थापना कर किसानों को संगठित किया। बाद में गुड़गाँव के चौधरी यासिन खाँ ने इसका नेतृत्त्व संभाला।

27. मानगढ़ पहाड़ी गोलीकांड कब हुआ था?
(1) 1883 ई. (2) 1922 ई.
(3) 1903 ई. (4) 1913 ई. (4)

**व्याख्या–** मानगढ़ नरसंहार 17 नवंबर, 1913 को अंग्रेजी सेना द्वारा वहाँ उपस्थित भीलों पर आक्रमण कर दिया, जिससे 1500 भील स्त्री –पुरूष शहीद हो गए। मानगढ़ धाम को 'राजस्थान का जलियावाला बाग' कहा जाता है।


28. गोविन्द गिरी ने भीलों में जनजागृति के लिए कौनसी संस्था की स्थापना की थी?
(1) सम्प सभा (2) वनवासी संघ
(3) ऊपरमाल पंच बोर्ड (4) मेवाड़ भील कॉपर्स (1)


29. मीणा क्षेत्रीय महासभा का गठन कब हुआ?
(1) 1886 ई. (2) 1933 ई.
(3) 1942 ई. (4) 1913 ई. (2)


30. एकी आन्दोलन का प्रारम्भ कहाँ से हुआ था?
(1) मातृकुण्डियां (2) नीमड़ा गाँव
(3) मानगढ़ पहाड़ी (4) बांसिया गाँव (1)

Lead Read and Achieve
DP Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।